# UDIT NARAYAN POST GRADUATE COLLEGE

**PADRAUNA, DISTRICT-KUSHINAGAR274304(U.P.)**

**Contact No.:- 05564-242120 CUG. No. + 91991834307**

**E-Mail:-unpgcollege1962@gmail.com web Site:- unpgcollege.com**


# उदित नारायण पी.जी. कॉलेज, पडरौना, कुशीनगर

## प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किए जाने के संबंध में रिपोर्ट

## एनसीसी में उत्कृष्ट सेवाओं एवं योगदान के लिए डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी सम्मानित



*दिनांक 10 सितम्बर 2026 को बटालियन में ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर परीमल भारती जी द्वारा डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी को प्रमाण- पत्र प्रदान करते हुए।*

**पडरौना, कुशीनगर | 10 सितम्बर 2026**

उदित नारायण पी.जी. कॉलेज, पडरौना, कुशीनगर के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य एवं महाविद्यालय के एनसीसी विभाग से संबद्ध एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (NCC) डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी को एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व एवं समग्र विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

दिनांक 10 सितम्बर 2026 को बटालियन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर परीमल भारती जी द्वारा डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी को Certificate of Appreciation (प्रशंसा प्रमाण-पत्र) प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रमाण-पत्र में प्रशिक्षण वर्ष 2025-26 के दौरान एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर के रूप में उनके असाधारण समर्पण, नेतृत्व, अनुशासन तथा एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षण एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई है। उनके प्रयासों को कैडेट्स में सक्रिय सहभागिता, उच्च स्तर की प्रतिबद्धता

# UDIT NARAYAN POST GRADUATE COLLEGE

**PADRAUNA, DISTRICT-KUSHINAGAR274304(U.P.)**

**Contact No.:- 05564-242120 CUG. No. + 91991834307**

**E-Mail:-unpgcollege1962@gmail.com web Site:- unpgcollege.com**


एवं व्यावसायिकता विकसित करने तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के उद्देश्यों की पूर्ति में मूल्यवान योगदान के रूप में रेखांकित किया गया है।

डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी की यह उपलब्धि उदित नारायण पी.जी. कॉलेज, पडरौना, कुशीनगर के लिए गौरव का विषय है। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण एवं कार्यनिष्ठा को प्रतिबिंबित करता है, बल्कि महाविद्यालय में एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रसेवा एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी सम्मान प्रदान करता है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. ममता मणि त्रिपाठी ने डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सम्मान महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है तथा भविष्य में और अधिक समर्पण एवं उत्कृष्टता के लिए प्रेरणा प्रदान करता है।

उदित नारायण पी.जी. कॉलेज, पडरौना, कुशीनगर परिवार डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी की इस उपलब्धि पर हर्ष एवं गौरव व्यक्त करता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।